बृहस्पतिवार
14 अप्रैल 2022





पृष्ठ 4
सब्जी में हुए ज्यादा नमक की परेशानी को इन तरीकों से करें दूर





पृष्ठ 5
अल्लू अर्जुन ने अपने प्रशंसकों का जताया आभार





● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 75
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com


**आज का विचार**

मुस्कान पाने वाला मालामाल हो जाता है पर देने वाला दरिद्र नहीं होता।

– अज्ञात


# प्रदेश बनने से अब तक माननीयों पर खर्च हुए 100 करोड़ रुपए

हमारे संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड राज्य गठन से नवम्बर 2021 तक 21 वर्षों में उत्तराखंड के विधायकों के वेतन भत्तों पर कुल 96 करोड़ 42 लाख 39 हजार 105 रूपये खर्च हुये है। इसमें 13 करोड़ 43 लाख 45 हजार 875 रूपये वेतन का उन्हें भुगतान किया गया है जबकि 82 करोड़ 98 लाख 93 हजार 230 रूपये के भत्तों का उन्हें भुगतान किया गया है।

इस बात का खुलासा सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन (एडवोकेट) को उत्तराखंड विधानसभा सचिवालय द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना से हुआ है।

काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन एडवोकेट ने उत्तराखंड विधानसभा के लोक सूचना अधिकारी से उत्तराखंड के विधायकों को भुगतान किये गये वेतन भत्तों की वर्षवार सूचना मांगी थी। इसके उत्तर में विधानसभा सचिवालय उत्तराखंड के लोक सूचना अधिकारी/उपसचिव (लेखा) हेम चन्द्र पन्त ने अपने पत्रांक 495 में दिनांक 7 अप्रैल 2022 को यह सूचना उपलब्ध करायी गयी है।



मा0 सदस्यों के वेतन तथा भत्तों पर खर्च की गयी धनराशिः-

| क0सं0 | वित्तीय वर्ष | वेतन | अन्य भत्ते (निर्वाचन क्षेत्र भत्ता, चालक भत्ता, सचिवीय भत्ता तथा मकान किराया भत्ता) |
|---|---|---|---|
| 01. | 2000-01 (09 नवम्बर, 2000से) | 120739.00 | 415829.00 |
| 02. | 2001-02 | 376454.00 | 2241289.00 |
| 03. | 2002-03 | 1250038.00 | 7999274.00 |
| 04. | 2003-04 | 1240800.00 | 8632800.00 |
| 05. | 2004-05 | 1323097.00 | 8813970.00 |
| 06. | 2005-06 | 2655094.00 | 15443907.00 |
| 07. | 2006-07 | 2052000.00 | 22240500.00 |
| 08. | 2007-08 | 2079174.00 | 18712451.00 |
| 09. | 2008-09 | 2029645.00 | 18266806.00 |
| 10. | 2009-10 | 3164210.00 | 17805658.00 |
| 11. | 2010-11 | 2945000.00 | 22219510.00 |
| 12. | 2011-12 | 3132169.00 | 20429862.00 |
| 13. | 2012-13 | 3133661.00 | 21102453.00 |
| 14. | 2013-14 | 3063035.00 | 20371572.00 |
| 15. | 2014-15 | 5815054.00 | 38506475.00 |
| 16. | 2015-16 | 5429204.00 | 35289978.00 |
| 17. | 2016-17 | 4816057.00 | 31682778.00 |
| 18. | 2017-18 | 7291975.00 | 45275742.00 |
| 19. | 2018-19 | 25207857.00 | 143466321.00 |
| 20. | 2019-20 | 20973000.00 | 121643400.00 |
| 21. | 2020-21 | 21240000.00 | 123331000.00 |
| 22. | 2021-22 (नवम्बर, 2021तक) | 15007612.00 | 86001655.00 |

प्रमाणित पति
लोक सूचना अधिकारी
विधान सभा सचिवालय
उत्तराखण्ड

❑सूचना के अधिकार के तहत हुआ खुलासा

उपलब्ध सूचना के अनुसार उत्तराखंड गठन से नवम्बर 2021 तक 21 वर्षों में विधायकों को कुल 96 करोड़ 42 लाख 39 हजार 105 रू. के वेतन भत्तों का भुगतान किया गया है।

उत्तराखंड गठन से नवम्बर 2021 तक 21 वर्षों में विधायकों को कुल 13 करोड़ 43 लाख 45 हजार 875 रूपये के वेतन का भुगतान किया गया। जबकि उपलब्ध सूचना में यह भी बताया गया है कि उत्तराखंड गठन से नवम्बर 2021 तक 21 वर्षों में विधायकों को कुल 82 करोड़ 98 लाख 93 हजार 230 रूपये के विभिन्न भत्तों का भुगतान किया गया है।

यहां यह उल्लेखनीय है कि उत्तराखण्ड एक छोटा प्रदेश है। जहां कर्मचारियों को वेतन भत्ते देने के लिए भी सरकार को कई बार सोचना पड़ता है ऐसे में विधायकों के वेतन भत्तों में इतना पैसा खर्च कर दिया जाना आश्चर्य पैदा करने के लिए काफी है।

# गेस्ट हाउस में मिला महिला का सड़ा गला शव

संवाददाता

देहरादून। जाखन में एक गेस्ट हाउस में बेड के अन्दर महिला का सडा गला शव बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। एक माह पूर्व पश्चिमी बंगाल के दम्पति वहां रहने आये थे। पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसा उत्तराखंड की राजधानी देहरादून के पॉश इलाके जाखन चौकी क्षेत्र में एक गेस्ट हाउस में बेड के भीतर छुपाई गई महिला की सड़ी गली लाश मिलने से हड़कंप मच गया है। महिला का शव करीब एक माह पुराना बताया जा रहा है। यह मामला देहरादून के राजपुर थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। जहां कपूर गेस्ट हाउस में युवती की लाश मिलने की सूचना है। पुलिस मौके पर पहुंच चुकी है। कहा जा रहा है कि यह एक सुनियोजित हत्या है, जिसमें हत्यारे ने महिला का कत्ल करने के बाद लाश को बेड के अंदर छुपा दिया। जाखंन चौकी क्षेत्र अंतर्गत उक्त वारदात को सुलझाने में पुलिस टीम जुटी हुई है। अभी तक शव की पहचान नहीं हो पाई है। बताया जा रहा है कि यह मामला तब खुला जब लोगों ने गेस्ट हाउस से बदबू आने की शिकायत की। जिसके बाद पुलिस पहुंची और लाश बरामद हुई। पुलिस मामले का जल्द ही खुलासा करेगी। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है और गेस्ट हाउस मालिक और कर्मचारियों के साथ ही आसपास के लोगों से भी पूछताछ कर रही है। एक माह पुरानी साड़ी गली लाश का मामला सामने आने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक नगर श्रीमती सरिता डोभाल से सम्पर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि गेस्ट हाउस संचालक द्वारा बताया गया है कि एक माह पूर्व पश्चिमी बंगाल के एक दम्पत्ति वहां पर ठहरने के लिए आये थे तथा यह कमरा उनको दिया गया था। दम्पत्ति वापस आयेगे तथा कमरे में उनका सामान पडा होगा इसको ध्यान में रखते हुए गेस्ट हाउस के कर्मचारियों ने कमरे को नहीं खोला था। एसपी सिटी ने बताया कि प्रथम दृष्टता मामला हत्या का लग रहा है तथा पुलिस उक्त दम्पत्ति के पते को तस्दीक कर रही है। उक्त दम्पत्ति के पता चलने के बाद ही सच्चाई सामने आयेगी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# प्लेन हाइजैक में रिहा किया गया मुश्ताक अहमद जरगर आतंकी घोषित



नई दिल्ली । गृह मंत्रालय ने मुश्ताक अहमद जरगर को आतंकी घोषित कर दिया है। मुश्ताक अल–मुजाहिदीन का संस्थापक और चीफ कमांडर है। गृह मंत्रालय ने बड़ा फैसला करते हुए मुश्ताक अहमद जरगर को आतंकी घोषित कर दिया है। जरगर को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, १९६७ के तहत आतंकवादी घोषित किया गया है। बता दें कि जरगर को १९९९ के इंडियन एयरलाइंस के प्लेन हाईजैक में रिहा किया गया था। २४ दिसंबर १९९९ को काठमांडू से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाली इंडियन एयरलाइंस की फ्लाइट को आतंकियों ने हाईजैक कर लिया था। इसकी लैंडिंग अफगानिस्तान के कंधार में कराई थी। उस वक्त भी अफगानिस्तान में तालिबानी (ज्ञ्ज्ड्डद्दबड्ढड्ढठ्ठ) शासन था। इसके बाद यात्रियों की सुरक्षित वापसी के लिए सरकार ने मसूद अजहर, अहमद ओमर सईद शेख, मुश्ताक अहमद जरगर जैसे आतंकवादियों को रिहा किया था।

# पिछले 24 घंटे में कोरोना के 1007 नए मामले सामने आए, उपचाराधीन मरीजों की संख्या हुई 11058

नई दिल्ली । देश में लगातार कम हो रहे कोरोना महामारी के मामलों की खबर राहत देने वाली है। कल के मुकाबले आज ८१ केस कम दर्ज किए गए हैं। पिछले राष्ट्रीय स्तर पर कोविड के नए मामलों में हो रही गिरावट के चलते देश में अब उपचाराधीन मामलों की संख्या घटकर ११ हजार ५८ रह गई है।

वहीं कोरोना से रिकवर करने वालों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी जारी है। देश में पिछले २४ घंटे में १ हजार ७ केस दर्ज हुए हैं जिसके बाद संक्रमण के कुल मरीजों की संख्या ४,३०,३६,०२३ हो गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा गुरुवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार, देश में एक दिन में कोरोना वायरस



संक्रमण के १,००७ नए मामले सामने आए हैं। वहीं, महाराष्ट्र में एक मरीज की मौत होने से संक्रमण से जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर ५,२१,७३७ हो गई है। वहीं पिछले २४ घंटे में ८१८ लोग महामारी से ठीक हुए है जिसके बाद अब तक ठीक होने वालों की कुल संख्या ४,२५,०६,२२८ हो गई है। आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण की दैनिक दर ०.२३ प्रतिशत और साप्ताहिक दर ०.२५ प्रतिशत है।

आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोविड–१९ के उपचाराधीन मरीजों की संख्या संक्रमण के कुल मामलों का ०.०३ प्रतिशत है, जबकि कोविड–१९ से स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर ९८.७६ प्रतिशत है।

आंकड़ों के मुताबिक, बीते २४ घंटों में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में १८८ की बढ़ोतरी दर्ज की गई है तथा मृत्यु दर १.२१ प्रतिशत है। देश में पिछले २४ घंटे में चार लाख ३४ हजार ८७७ कोविड परीक्षण किए गए हैं। देश में अब तक कुल ८३.०८ करोड़ कोविड परीक्षण किए गए हैं। वहीं आंकड़ों के मुताबिक, देशव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अब तक १८६.२२ करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी हैं।

# दून वैली मेल

## संपादकीय

# महंगाई से बेहाल जनता

बढ़ती महंगाई से कोहराम मचा हुआ है। लेकिन केंद्र और राज्य सरकारों ने इस मुद्दे पर खामोशी ओढ़ रखी है। देश में इस मुद्दे को लेकर राजनीतिक दलों के प्रदर्शन लगातार जारी हैं। कोरोना की मार से देश की अर्थव्यवस्था पहले ही डावांडोल चुकी है और बेरोजगारी बढ़ी हैं वहीं उद्योग धंधों और व्यापार की स्थिति भी नाजुक ही मानी जा रही है। ऐसे में अब बढ़ती महंगाई ने लोगों की दिक्कतें और भी बढ़ा दी हैं। पेट्रोल डीजल और रसोई गैस की कीमतें अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। हालांकि पिछले दिनों हुए पांच राज्यों में चुनावों से पहले तक महंगाई की स्थिति कुछ संभली हुई दिखाई दे रही थी लेकिन चुनाव संपन्न होने के बाद एक बार फिर महंगाई दर में उछाल आता दिखाई दे रहा है। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि लोग अब अपनी जरूरतों में कटौती करने पर विवश हो रहे हैं। पेट्रोल-डीजल की कीमतों का असर हर आम आदमी के जीवन को प्रभावित कर रहा है। माल भाड़ा और किराया वृद्धि के कारण आम उपभोग की वस्तुओं की कीमतें भी लगातार बढ़ती जा रही है। जिससे समाज का कोई भी वर्ग अछूता दिखाई नहीं दे रहा है। रसोई का बजट गड़बड़ाने से लेकर किसान और ट्रांसपोर्ट व्यवसाय के साथ-साथ उद्योग धंधों पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। रसोई गैस का सिलेंडर हजार रुपए तक पहुंच चुका है। आज कोई सी भी दाल 100 रूपये किलो से नीचे नहीं है। खाद्य तेल की कीमत 100 रूपये प्रति लीटर के आसपास थी डेढ़ सौ पार हो चुकी है। भले ही सरकारें द्वारा किसानों की आय दोगुनी करने का ढिंढोरा पीटा जा रहा हो लेकिन वह 100 रूपये के आसपास प्रति लीटर डीजल खरीद कर खेती करेगा तो उसकी क्या हालत होगी इसे समझने को कोई भी तैयार नहीं है। सरकार अपने टैक्स में कोई कटौती करने को तैयार नहीं जबकि इसके अलावा तेल की कीमतों में राहत का कोई उपाय फिलहाल दिखाई नहीं दे रहा है। तेल की कीमतों में वृद्धि के कारण ट्रांसपोर्ट व्यवसाय भी बेहाल है अब चार धाम यात्रा शुरू होने वाली है और ट्रांसपोर्ट व्यवसाई अपना रेट बढ़ा चुके हैं उनका कहना है कि जब तेल महंगा हो गया तो इसमें हम भी क्या कर सकते हैं। बीते दिनों कांग्रेस ने लोकसभा में इस मुद्दे पर हंगामा काटा था। केंद्र व राज्य सरकारों को इस दिशा में गंभीरता से सोचने की जरूरत है। भले ही राजनीतिक दल इस मुद्दे को अपने राजनीतिक हितों के लिए उछाल रहे हो लेकिन महंगाई अब आम आदमी की बेचैनी को उस हद तक बढ़ा चुकी है कि उसे भाजपा के अच्छे दिन लाने और सबका साथ सबका विकास का नारा बेमानी लगने लगा है।



# भगवान महावीर स्वामी एंव डा.भीमराव अम्बेडकर को मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

विशेष संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज मुख्यमंत्री आवास में भगवान महावीर स्वामी एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह की शिक्षा देने वाले जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर जी द्वारा दी गयी शिक्षा समस्त मानव समाज के कल्याण हेतु सदैव पथ प्रदर्शक का कार्य करती रहेगी। भगवान महावीर अहिंसा और त्याग की प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने अहिंसा को परम धर्म माना और समाज को सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की शिक्षा दी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि डॉ. भीमराव बाबा साहेब अंबेडकर एक महान विचारक थे, उन्होंने समाज में सबको समान अधिकार दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने सामाजिक भेदभाव को दूर करने और समानता का सिद्धांत लागू करने के लिए भारतीय संविधान का मार्ग चुना। डॉ. अंबेडकर ने समाज से अश्पृश्यता एवं कुप्रथाओं को मिटाने, समरसता स्थापित करने और पिछड़े तबके को मुख्यधारा में लाने में अहम भूमिका निभाई।

# चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं की तैयारियों को लेकर आयुक्त गढ़वाल मण्डल ने ली बैठक

हमारे संवाददाता

देहरादून। चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं की तैयारियों को लेकर आज आयुक्त गढ़वाल मण्डल सुशील कुमार ने अपने कैंप कार्यालय में जीएमवीएन एवं एनएचएआई व एनएच लोनिवि अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होने कहा कि इस बार चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोतरी होने की संभावनाओं को देखते हुए उपलब्ध सुविधाओं को और अधिक बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने गढ़वाल मण्डल विकास निगम द्वारा यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ एवं बद्रीनाथ धाम यात्रा रूटों पर श्रद्धालुओं के ठहरने आदि व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारी को 1500 लोगों की अतिरिक्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कहा कि संबंधित जिलाधिकारी से तत्काल समन्वय स्थापित करते हुए, गढ़वाल मण्डल विकास निगम स्वयं या आउटसोर्स के माध्यम से यह सुविधा स्थापित कराना सुनिश्चित करें ताकि



चारधाम यात्रा में आने वाले लोगों को सुविधाएं मिल सकें।

उन्होने गढ़वाल मण्डल के संबंधित अधिकारी को यह भी निर्देश दिए कि विभाग टोल फ्री नम्बर जारी करें जिससे चारधाम यात्रा में आने वाले लोगों को सुविधा की जानकारी प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि हैली सेवाओं को लेकर ऑनलाइन बुकिंग में लोगों को किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

उन्होने ने संबंधित अधिकारियों से यात्रा मार्गों की जानकारी लेते हुए और शीघ्र यात्रा मार्गों को सुगम सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि रूद्रप्रयाग से गौरीकुंड क्षेत्र में एक अधिशासी अभियन्ता की तैनाती सुनिश्चित की जाए। उन्होंने लामबगढ़ में ट्रीटमेंट कार्य के अलावा अवशेष 300 मीटर कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करें। वहीं धरासु-यमुनोत्री मार्ग पर कुंथनोर के समीप 300 मीटर के कार्य को भी यथाशीघ्र पूर्ण करते हुए सड़क को सुगम बनाने के निर्देश दिए।

## 'आप' कार्यकर्ताओं ने दी डॉ. भीमराव अम्बेडकर को श्रद्धांजलि



विशेष संवाददाता

देहरादून। संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर आज आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा घंटाघर स्थित अम्बेडकर पार्क में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर को नमन कर आप कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब के आदर्शों व उनके दिखाये मार्ग पर चलकर समतामूलक समाज के निर्माण का संकल्प लिया। इस अवसर पर विशाल चौधरी, रविन्द्र आनंद, अशोक सेमवाल, शरद जैन, विपिन खन्ना, राजेन्द्र सिंह, मुकुल बिड़ला, सुशील सैनी, कासिम चौधरी सहित कई लोग मौजूद रहे।

पूषा गा अन्वेतु नः पूषा रक्षत्वर्वतः।
पूषा वाजं सनोतु नः।।

(ऋग्वेद ६-५४-५)

हे पोषण करने वाले स्वामी ! हमारी गाय स्वरूप ज्ञानेंद्रियों और अश्व स्वरूप कर्मेंद्रियों का विषय वासनाओं से रक्षण करो। हमें अन्न, ऊर्जा और सत्य धन प्रदान करो।

O Lord of Nurturing ! Protect our cows like Gyanendriya (sense organs) and horses like Karmendriya (motor organs) from lust. Provide us with food, energy and true wealth.

(Rig Veda 6-54-5)

# भाजपा तपोवन मंडल ने किया डा. भीमराव अम्बेडकर के फोटो पर माल्यार्पण

विशेष संवाददाता

देहरादून। भाजपा के तपोवन मंडल अध्यक्ष मनीष बिष्ट के अध्यक्षता में आज भारत के संविधान निर्माता डॉक्टर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के जन्म दिवस पर उनकी फोटो पर माल्यार्पण किया गया।

कार्यक्रम में प्राइमरी स्कूल डांडा खुदाने के छात्र-छात्राओं व अध्यापिकाओं के साथ मंडल अध्यक्ष मनीष बिष्ट, मीडिया प्रमुख राजकिशोर बलोदी, किसान मोर्चा के अध्यक्ष मुकेश कुकरेती, उपाध्यक्ष अमर सिंह, उपाध्यक्ष अंकित राजपूत, वृथ अध्यक्ष रंजन, वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश थपलियाल सहित कई लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर मनीष बिष्ट एवं राज किशोर बलोदी गुरु जी द्वारा डॉ बाबासाहेब की जीवन पर संक्षिप्त उल्लेख किया गया। उन्होने कहा कि हम सभी को उनके पद चिन्हों पर चलकर राष्ट्र सम्मान की उन्नति में सहयोग देना चाहिए। डॉ बाबासाहेब अंबेडकर की जयंती पर तपोवन मंडल की ओर से प्राइमरी स्कूल डांडा खुदाने वाले स्कूल को पंखे भेंट किए गए।



# बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर को किये श्रद्धासुमन अर्पित

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। भारत के संविधान के निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 131वीं जयंती के अवसर पर पूर्व कृषि उत्पादन मंडी समिति अध्यक्ष संजय चोपड़ा द्वारा भीमराव अंबेडकर चौक पर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर पुष्पमाला अर्पित कर,संकल्पित दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर संजय चोपड़ा ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर ने भारत के संविधान की रचना कर विश्व में भारत को एक नई पहचान दिलाने का संकल्प लिया था। आज नई पीढ़ी के युवा- युवतियों को बाबासाहेब अंबेडकर के बताए हुए पद चिन्हों पर चलकर देश को एक नई दिशा की ओर बढ़ाना चाहिए। उन्होने कहा कि उत्तराखंड सरकार को हरिद्वार में गंगा किनारे बाबा साहब अंबेडकर की याद में एक स्मारक बनाकर संग्रहालय बनाया जाना चाहिए। ताकि आने वाले समय में भीमराव अंबेडकर की सोच को अपनाकर भारत निर्माण में आगे बढ़ा जा सके। इस अवसर पर मनोज कुमार मंडल, सचिन कुमार, मनोज जाटव, ओमप्रकाश कालियान, राजेंद्र कुमार, मोहनलाल, प्रभात चौधरी, वीरेंद्र कुमार, तस्लीम अहमद, यामीन, नईम सलमानी, धर्मपाल कश्यप, जय भगवान आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।





विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष से शिष्टाचार भेंट की।

# शहीद अग्निशमन कर्मचारियों को किया याद

संवाददाता

देहरादून। शहीद हुए फायर सर्विस कर्मचारियों अधिकारियों को याद कर उनको श्रद्धांजलि देकर अग्निशमन सेवा दिवस मनाया गया।

आज यहां मुख्य फायर स्टेशन गांधी रोड देहरादून पर अग्निशमन सेवा दिवस को मनाया गया, जिसमें श्रीमती सरिता डोबाल पुलिस अधीक्षक नगर , उपनिदेशक ( तकनीकी ) एसके राणा , प्रभारी अग्निशमन अधिकारी देहरादून सुनील दत्त तिवारी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में शहीद अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई । फायर स्टेशन देहरादून पर आधुनिक अग्निशमन एवं बचाव उपकरणों की प्रर्दशनी भी लगाई गई थी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पुलिस कर्मियों को संबोधित करते हुए श्रीमती सरिता डोबाल, पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा अवगत कराया गया कि 14 अप्रैल वर्ष 1944 में मुम्बई के बन्दरगाह पर खडें इग्लैण्ड के फोर्ट स्ट्रिकेन नामक 9 हजार टन वाले जहाज में भीषण अग्नि दुर्घटना घटित हुई थी।

इस अग्निकाण्ड के दौरान हुऐ विस्फोट में अग्नि शमन कार्य करते हुऐ 66 फायर सर्विस कर्मी शहीद हो गये थे। उन शहीद हुए फायरमैनों तथा उसके उपरान्त अपने कर्तव्यों का पालन करते हुऐ दिवगंत फायर सर्विस अधिकारियों, कर्मचारियों की स्मृति में प्रति वर्ष 14 अप्रैल को समस्त राष्ट्र की अग्नि शमन सेवायें अग्नि शमन सेवा दिवस मनाती हैं साथ ही उन शहीदों की सेवा भावना के अनुरूप कार्य




करने का संकल्प लिया जाता है।

उन्होंने बताया कि जनपद देहरादून में कुल 06 फायर स्टेशन , 01 फायर सर्विस यूनिट तथा एक उप केन्द्र स्थापित है , जो निम्न प्रकार है, मुख्य फायर स्टेशन , गांधी रोड देहरादून , उप केन्द्र वाटर वर्क्स दिलाराम बाजार , फायर स्टेशन ऋषिकेश , फायर स्टेशन मसूरी , फायर स्टेशन विकास नगर तथा फायर स्टेशन सेलाकुई ( औद्योगिक क्षेत्र ) , फायर स्टेशन डोईवाला तथा 01फायर सर्विस यूनिट त्यूनी । इन सभी फायर स्टेशनों पर वर्ष 2021 में जनपद देहरादून के अन्तर्गत कुल 677 अग्नि दुर्घटनाओं की सूचनायें प्राप्त हुई , जिन पर कार्य करते हुए रू० 7,10,89,715 रूपये की क्षति हुई तथा फायर सर्विस यूनिटों के उत्कृष्ठ प्रयासों के फलस्वरूप रू ० 51,91,78,770 रूपये की सम्पत्ति को जलने से बचा लिया गया। इन अग्निकाण्डों पर 12 मनुष्यों को बचाया गया।

अग्निकाण्ड में 09 पशुओ की जलने से मृत्यु हुई है। इसके अतिरिक्त कुल 75 जीव रक्षा पुकारें प्राप्त हुई, जिनमें 06 मनुष्यों व 02 पशुओं की मृत्यु हुई है। फायर सर्विस यूनिटों के प्रयासों से 40 मनुष्यों तथा 32 पशुओं को बचाया गया। जनपद से कुल 73 फायर सर्विस कर्मचारियों को एडवांस सर्च एण्ड रेस्क्यू प्रशिक्षण प्रदान कराया गया है। 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान अग्निशमन विभाग देहरादून द्वारा विभिन्न संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगें। जनपद के फायर स्टेशनों पर अति आधुनिक एंव उच्च तकनीकी वाले संयन्त्र एंव उपकरणों को रखा गया है, जिससे अग्निकाण्डों एवं अन्य प्रकार की आपदा के समय त्वरित बचाव कार्य करने की क्षमता में वृद्धि हुयी है। वर्तमान समय में जनपद के फायर स्टेशनों में हाई प्रेशर वाटर टेण्डर, हाइड्रोलिक प्लेटफार्म, हाई प्रेशर फोम टेण्डर, पोर्टेबुल पम्प, मिनी वाटर टेण्डर तथा जीव रक्षा वाहनों सहित आपदा प्रबन्धन के उपकरण यथा काम्बी टूल्स , हाइड्रोलिक स्प्रेडर , हाड्रोलिक कटर , डायमण्ड चेन शॉ , एयर कम्प्रेशर मशीन जैसे अन्य उपयोगी उपकरण उपलब्ध है।

# संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को किया याद



संवाददाता

देहरादून। राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ ने संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर उनको याद कर श्रद्धासुमन अर्पित किये।

आज यहां बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के जन्मोत्सव पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, केशव नगर के तत्वाधान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, डोभालवाला, में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें केशव नगर के केशव, शक्ति, भीम शाखाओं से जुड़े स्वयं सेवक एकत्र हुए। ध्वज प्रणाम करने के पश्चात बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए अपनी ओर से श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तरी महानगर के संघ चालक- चंद्रगुप्त विक्रम ने बाबा साहेब अंबेडकर जी के जीवन का दर्शन अपने वक्तव्य के अनुसार सुनाया एवं उनसे प्रेरणा लेकर अपने जीवन को प्रेरित करने के लिए आह्वान किया, कार्यक्रम की अध्यक्षता केशव नगर के नगर कारवाह गोविंद ने किया।

कार्यक्रम में सह नगर कारवाह मयंक , शारीरिक प्रमुख विजय धुसिया, शाखा कारवां विनोद , प्रवीण , जीत सिंह , शारीरिक शाखा प्रमुख संजय थापा के साथ ही परिवार प्रबोधन प्रमुख स्वामी एस. चंद्रा, राहुल , विक्की कठेला, ज्ञानेश , नीरज सहित अन्य स्वमं सेवक सम्मलित हुये। भगवान महावीर जयंती, बैशाखी के शुभ अवसर पर सभी को शुभ कामनाये दी गई।



नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने जयंती पर बाबा साहब भीमराव अबेडकर को दी श्रद्धांजलि ।

# सीएचसी कांडा में महिला चिकित्सक की तैनाती की मांग मुखर

बागेश्वर (आरएनएस)। तहसील क्षेत्र का एकमात्र सीएचसी कांडा जिसमें लगभग दो वर्षों से अधिक समय से महिला चिकित्सक का पद रिक्त चल रहा है। क्षेत्रीय जनता ने लगातार महिला चिकित्सक की तैनाती की मांग पर लगभग दो माह पूर्व में महिला चिकित्सक की तैनाती हुई। सात अप्रैल विश्व स्वास्थ्य दिवस के दिन उनका भी स्थानांतरण यहां से अन्यत्र कर दिया गया है। इससे यहां की महिलाओं और क्षेत्रीय जनता में भारी आक्रोश है।

दस हजार से भी अधिक की जनता को महिला चिकित्सक के न होने से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

खासकर गर्भवती महिलाओं के आगे समस्या है सूदूरवर्ती गांव चंतोला धारीमध्या रावतसेरा भैसुड़ी टकनार सेरी मजगांव मलसूना चौनाला तुषरेड़ा देवतोली भंडारीगांव कपूरी धपोलासेरा सिमकुना ढप्पटी कमेड़ीदेवी भंतोला सिमायल देवलबिछराल खातीगांव सहित दर्जनों गांवों को यहां अल्ट्रासाउंड ब्यवस्था न होने से गर्भवती महिलाओं को जिला मुख्यालय जाना मजबूरी है। जिसमें धन समय व महिलाओं को बहुत दिक्कतें होती है। समस्या के निदान के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र लिखकर स्थानीय लोगों ने उनके वादे को स्मरण करवाते हुए महिला चिकित्सक की तैनाती सहित अस्पताल में डायलिसिस, अल्ट्रासाउंड मशीन वह स्टाफ की तैनाती की मांग करने की अपील की है।

# जलियांवाला बाग कांड की 103वीं पुण्यतिथि पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

विशेष संवाददाता

देहरादून। जलियांवाला बाग कांड की 103वीं पुण्यतिथि पर शहीदों को मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

स्वतंत्र सेनानी एवं उत्तराधिकारी संगठन देहरादून की ओर से उज्जवल रेस्टोरेंट में आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि शहीदों को वास्तविक रूप से श्रद्धांजलि इनके आदर्श चरित्र, नैतिकता और देश प्रेम की भावना को अपनाकर ही दी जा सकती है। कहा लोकसभा और विधानसभाओं में अपराधियों और बाहुबलियों का प्रतिनिधित्व बढ़ता जा रहा है, जनप्रतिनिधियों में अपने कर्तव्यो के प्रति ईमानदारी,जनहितो के प्रति समर्पण और त्याग की भावना का अभाव हो गया है।

सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने की कोशिश हो रही है। वन, खनन और भू



माफिया सक्रिय हैं। अवैध कार्यों पर उत्तर प्रदेश की तरह उत्तराखंड में भी बुलडोजर बाबा की जरूरत है। वक्ताओं ने कहा आंदोलनकारी और सेनानी परिवार मिलकर जन हितों के लिए कार्य करें, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता सफाई में अपना योगदान देकर सार्थकता प्रमाणित करें और देशभक्त होने का जज्बा जाहिर करें। यही शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वक्ताओं में सेनानी उत्तराधिकारी गोवर्धन प्रसाद शर्मा, विनय कुमार, सत्य प्रकाश चौहान, महिपाल सिंह रावत, संयुक्त नागरिक संगठन के सुशील त्यागी, गवर्नमेंट पेंशनर संगठन के चौधरी ओमवीर सिंह, आरटीआई लोक सेवा के सैनिक शिरोमणि मनोज ध्यानी, बैंक एंप्लाइज यूनियन के पूर्व अध्यक्ष जगमोहन मेंदीरत्ता, उत्तराखंड आंदोलनकारी मंच के प्रदीप कुकरेती, दून फूड रिलीफ फंड के जितेंद्र डडोना आदि शामिल थे।

# क्या आप भी रहती हैं कंफ्यूज कि कौन सा वैक्स अपनाएं!

महिलाएं अपनी खूबसूरती बरकरार रखने के लिए कई जातां करती हैं जिसमें से एक हैं वैक्सिंग जिसमें शरीर पर मौजूद अनचाहे बालों को हटाया जाता हैं। वैक्सिंग से बालों की ग्रोथ भी धीरे-धीरे कम हो जाती है एवं स्किन भी मुलायम और चिकनी हो जाती हैं। कई महिलाएं इसे पार्लर में करवाती हैं तो कुछ इसे घर पर ही करती हैं। लेकिन अक्सर देखा गया हैं कि बाजार में कई तरह की वैक्सिंग मिलने की वजह से महिलाऐं कंफ्यूज रहती हैं कि किस वैक्सिंग का इस्तेमाल किया जाए। ऐसे में आज इस कड़ी में हम आपके लिए जरूरी जानकारी लेकर आए हैं जो आपको बताएगी कि आपकी स्किन के साथ ही उपयोग के लिहाज से कौनसी वैक्सिंग सही रहेगी। तो आइये जानते हैं इसके बारे में...

हॉट और कोल्ड वैक्स : हॉट वैक्स को बनाने के लिए चीनी, नींबू या शहद, नींबू का प्रयोग किया जाता है। ये अधिक तापमान पर पिघल जाती है और ठंडे होने पर स्किन पर ड्राई हो जाती है। इस पर खास तरह की पट्टियों को रखकर दबाया जाता है और फिर बालों के बढ़ने की दिशा में झटके से खींचा जाता है। यह सबसे लोकप्रिय तरीका है। वहीं कोल्ड वैक्स पैराफिन वैक्स और रेसिन जैसी इंग्रीडिएंट से बनाई जाती है। आप इसे रेडीमेड बाजार से खरीद सकते हैं। अगर अधिक मात्रा में वैक्सीन करना हो तो कोल्ड वैक्स ज्यादा असरदार होती है।

सॉफ्ट वैक्सिंग : इसे स्ट्रिप वैक्सिंग के नाम से भी जाना जाता है। सॉफ्ट वैक्स के नाम से ही जाहिर होता है कि ये वैक्सिंग तब की जाती है जब वैक्स बहुत सॉफ्ट हो। यह वैक्स ठंडे और गर्म, दोनों तरह से महिलाएं इस्तेमाल कर सकती हैं। सॉफ्ट वैक्सिंग के दौरान पहले स्टिक या रोलर से वैक्स को त्वचा पर लगाया जाता है और फिर मुलायम कपड़े से कवर कर दिया जाता है और जब कपड़ा हटाया जाता है तो आपकी त्वचा के अनचाहे बाल भी हट जाते हैं। हाथ और पैरों के वैक्स के लिए यह तरीका बहुत अच्छा है। यह वैक्स यूज करने के बाद आपकी स्किन ग्लो करती हुई नजर आती है।

हार्ड वैक्सिंग : अगर आप कम टाइम में वैक्सिंग कराना चाहती हैं तो हार्ड वैक्सिंग इसके लिए बहुत मुफीद मानी जाती है। सेंसिटिव स्किन के लिए यह वैक्स काफी अच्छा माना जाता है। इसमें त्वचा से वैक्सिंग करते हुए बाल हटाने के लिए किसी तरह के कपड़े या स्ट्रिप का यूज नहीं करना पड़ता। हार्ड वैक्सिंग करने के दौरान वैक्स को गर्म किया जाता है। इससे हार्ड वैक्स पिघल जाता है। इस वैक्स को लिक्विड फॉर्म में स्किन पर लगाया जाता है और ठंडा होने के साथ ही ये हार्ड होने लगता है। हार्ड होने के बाद वैक्स को उंगलियों से धीरे-धीरे पकड़ें और झटके से हटा दें। हार्ड वैक्स बालों को पूरी तरह से कवर कर लेती है और छोटे-छोटे बाल भी इससे आसानी से निकल जाते हैं। यह वैक्सिंग स्किन को किसी तरह से नुकसान नहीं पहुंचाती है।

**वैक्स के टाइप**

चीनी नींबू वैक्स : यह एक नेचुरल वैक्सिंग है जिसे कई ब्यूटी सैलून खुद तैयार करते हैं। इसे चीनी और नींबू से तैयार किया जाता है। इसे प्रयोग करते समय यह ध्यान देना जरूरी होता है कि वैक्स ज्यादा गर्म न हो क्योंकि इससे स्किन पर जलन हो सकती है। प्राकृतिक चीजों से बनी होने के कारण यह स्किन के लिए फायदेमंद होती है और इसका नुकसान नहीं होता। यह टैन को दूर करने में भी मदद करती है।

लिपो-सॉल्यूबल वैक्स : ये वैक्स ऑयल बेस्ड होती है। बालों की रूट पर तो इनकी ग्रिप अच्छी होती ही है, साथ ही ये स्किन पर भी डेलीकेट होती हैं। इस वैक्स को इस्तेमाल करने से पहले स्किन पर ऑयल लगाया जाता है और बालों को रिमूव करने के लिए छोटी-छोटी स्ट्रिप्स यूज की जाती हैं। ये वैक्स बहुत गर्म भी हो जाए, तो भी स्किन को कोई नुकसान नहीं होता है।

चॉकलेट वैक्स : इसमें कोको बीन्स या डार्क चॉकलेट का प्रयोग किया जाता है। यह स्किन के लिए काफी फायदा होता है। इसमें बहुत अधिक मात्रा में एंटी-ऑक्सीडेंट होते हैं जो एंटी-एजिंग का काम करती है। चॉकलेट स्किन को मुलायम और कोमल बनाती है जबकि कोको बीन्स एंटी- इंफ्लेमेंटरी गुण से भरपूर होते हैं। चॉकलेट वैक्सिंग करने से सूजन कम होती है और रेडनेस नहीं आती। इसके प्रयोग से दर्द भी कम होता है। इसकी खुशबू से 'फील-गुड' महसूस होता है।

फ्रूट वैक्सिंग : हार्ड वैक्स की तरह सेंसिटिव स्किन के लिए फ्रूट वैक्स भी काफी उपयुक्त रहती है। इसमें बैरीज और प्लम जैसे फ्रूट्स के एक्सट्रेक्ट्स होते हैं, जिसका अर्थ ये है कि ये वैक्स एंटीऑक्सिडेंट्स से भरपूर होता है और त्वचा को नरिश करता है। यह वैक्स स्किन पर पूरी तरह से कोमल बना रहता है। हालांकि थोड़ा महंगा होता है, लेकिन यह स्किन को ग्लोइंग बनाने के लिहाज से परफेक्ट है।

एलोवेरा वैक्स : एलोवेरा स्किन को मॉइस्चराइज करता है और स्किन को कोमल बनाता है। एलोवेरा में एंटी- इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जिससे वैक्सिंग के दौरान दाने या रैश नहीं होते। इसे कम तापमान में भी किया जा सकता है।

## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन

# सब्जी में हुए ज्यादा नमक की परेशानी को इन तरीकों से करें दूर



नमक भोजन का स्वाद बढ़ाने का काम करता हैं। सब्जी ने नमक कम हो तो इसका स्वाद फीका लगने लगता हैं। हांलाकि नमक ऊपर से भी डाला जा सकता है और स्वाद को संतुलित किया जा सकता है। लेकिन परेशानी तब उत्पन्न होती हैं जब सब्जी में नामाक ज्यादा हो जाता हैं जिसे खाने में भी परेशानी होती हैं। आपके साथ भी ऐसा कई बार हुआ होगा कि अनजाने में सब्जी में नमक ज्यादा हो गया हो। ऐसे में आज हम आपके लिए कुछ ऐसे तरीके लेकर आए हैं जिनकी मदद से सब्जी में पड़े ज्यादा नमक को कम किया जा सकता हैं। तो आइये जानते हैं इनके बारे में।

आटा करें इस्तेमाल

सब्ज़ी में नमक ज्यादा होने पर इसको कम करने के लिए आप गूंथे हुए आटे का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप आटे की गोलियां बना कर सब्ज़ी में डाल दें और इनको कुछ देर सब्ज़ी में पड़ा रहने दें। फिर इनको सब्ज़ी से निकाल कर बाहर कर दें। इससे सब्ज़ी में नमक कम हो जायेगा। ये तरीका ग्रेवी वाली सब्ज़ी और दाल का नमक कम करने के काम आएगा।

ब्रेड इस्तेमाल करें

सब्ज़ी और दाल में नमक ज्यादा हो जाने पर इसको कम करने के लिए आप ब्रेड का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। इसके लिए आप ब्रेड के एक-दो पीस सब्ज़ी और दाल में डालकर इनको एक मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें और फिर इनको हटा दें। इससे नमक भी कम हो जायेगा और स्वाद भी बढ़ जायेगा।

भुना बेसन इस्तेमाल करें

सब्ज़ी में नमक ज्यादा होने पर आप भुना हुआ बेसन भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप बेसन को भून कर सब्जी या दाल में मिक्स कर दें। इससे सब्ज़ी में नमक कम हो जायेगा। ये तरीका आप ग्रेवी और सूखी दोनों तरह की सब्जियों में इस्तेमाल कर सकते हैं।

नींबू इस्तेमाल करें

नमक कम करने के लिए आप नींबू की मदद भी ले सकते हैं। इसके लिए आप नींबू का रस निकाल कर सब्ज़ी या दाल में मिला दें। इससे नमक भी कम हो जायेगा साथ ही स्वाद भी खराब नहीं होगा।

उबला आलू इस्तेमाल करें

उबले हुए आलू को भी आप सब्ज़ी या दाल में नमक कम करने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप चाहें तो उबले आलू को छीलकर दो-तीन बड़े टुकड़ों में तोड़कर सब्ज़ी और दाल में डाल दें। पांच मिनट तक इनको ऐसे ही पड़ा रहने दें फिर निकाल कर अलग कर दें। अगर आप चाहें तो आलू को मैश करके भी सब्ज़ी में मिक्स कर सकते हैं। इससे नमक भी कम हो जायेगा और गाढ़ापन भी आ जायेगा।

# आईमैक्स ने केजीएफ 2 के पोस्टर को किया रिलीज

आईमैक्स ने कन्नड़ भाषा की एक्शन ड्रामा केजीएफ 2 से यश का विशेष पोस्टर जारी किया है। जिसमें वे काफी घातक, भयंकर और तीव्र दिख रहे हैं। आईमैक्स के एसक्लूसिव पोस्टर में रॉकी का हार्ड लुक नजर आ रहा है। वह दोनों हाथों में हथियार लिए हैं और पृष्ठभूमि में अराजकता और गुंडे दिखाई दे रहे हैं।

प्रशांत नील द्वारा लिखित और निर्देशित, और होम्बले फिल्म्स के तहत विजय किरागंदूर द्वारा निर्मित, केजीएफ 2 में संजय दत्त, श्रीनिधि शेट्टी, रवीना टंडन और प्रकाश राज के साथ कन्नड़ सुपरस्टार यश मुख्य भूमिका में हैं।

केजीएफ 2 की रिलीज पर बोलते हुए आईमैक्स के क्रिस्टोफर टिलमैन, वीपी, इंटरनेशनल डेवलपमेंट एंड डिस्ट्रीब्यूशन ने कहा कि आईमैक्स दर्शकों को मनोरंजन का बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए जाना जाता है और केजीएफ चैप्टर 2 जैसी एक्शन से भरपूर फिल्म रिलीज करना हमारे लिए उपयुक्त है। यकीन है कि आईमैक्स में इस फिल्म को देखने के बाद दर्शकों को अच्छा अनुभव होगा। कहानी कोलार गोल्ड फील्ड्स की खून से लथपथ भूमि में होने वाली घटनाओं पर आधारित है। होम्बले फिल्म्स के पार्टनर और सह-संस्थापक, चालुवे गौड़ा ने कहा कि प्रशंसकों की प्रतिक्रिया अविश्वसनीय रही है। हमने अपने वितरण नेटवर्क का विस्तार करने की भी कोशिश की है और यह हमारे लिए अच्छा है क्योंकि हमें विश्वास है कि यह फिल्म ऐतिहासिक होगी। उत्कृष्टता के लिए हमारी खोज के परिणामस्वरूप ऐसी फिल्में बनी हैं जिन्हें समीक्षकों द्वारा सराहा गया है और साथ ही साथ बड़ी व्यावसायिक सफलता का आनंद भी लिया गया है। केजीएफ 2 14 अप्रैल को कन्नड़, तेलुगु, हिंदी में आईमैक्स स्क्रीन पर रिलीज होगी।

## शब्द सामर्थ्य -95

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. ह्दर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | | ■ | | ■ | 6 | | |
| ■ | 7 | | | | ■ | | ■ | |
| 8 | | ■ | ■ | | ■ | 9 | 10 | |
| | ■ | ■ | ■ | 11 | 12 | ■ | | ■ |
| 13 | | | 14 | ■ | 15 | | | ■ |
| | ■ | ■ | 16 | 17 | | ■ | 18 | 19 |
| ■ | 20 | ■ | ■ | | ■ | 21 | ■ | |
| 22 | | | | | ■ | 23 | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 94 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | ■ | मु | ■ | सं | स्था | न | ■ |
| ग | ■ | म | र्दा | न | गी | ■ | त | म |
| ली | प | ना | ■ | ■ | त | न | ■ | ■ |
| ■ | ना | ना | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | ■ |
| मा | ह | ■ | रा | ■ | सा | ज | न | ■ |
| न | ■ | स | ह | दे | व | ■ | म | द |
| व | ■ | म | ■ | व | न | ज | ■ | ल |
| ता | क | त | व | र | ■ | मी | ■ | द |
| ■ | ल | ल | क | ■ | क | र | त | ल |

# विक्रांत मैसी और राधिका आप्टे की फॉरेंसिक सीधे जी5 पर आएगी

विक्रांत मैसी पिछले कुछ समय से मलयालम फिल्म फॉरेंसिक की हिन्दी रीमेक को लेकर लाइम लाइट में हैं। इस फिल्म में उनके साथ अभिनेत्री राधिका आप्टे भी नजर आएंगी। यह एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है, जिसमें विक्रांत का अनोखा अवतार दिखेगा। अब मेकर्स ने ऐलान किया है कि यह फिल्म स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज होगी। फिलहाल रिलीज डेट की जानकारी नहीं दी गई है। विशाल फुरिया ने फिल्म के निर्देशन का काम संभाला है।

विक्रांत ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म का पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में राधिका के साथ उनका लुक सामने आया है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, एक नए जमाने की इन्वेस्टिगेटिव थ्रिलर के साक्ष्य मिले हैं। इस फिल्म में विक्रांत फॉरेंसिक विशेषज्ञ जॉनी खन्ना का किरदार निभाएंगे और राधिका पुलिस अधिकारी मेघा शर्मा के रूप में नजर आएंगी। दोनों एक केस को सुलझाते हुए दिखने वाले हैं।

फिल्म में प्राची देसाई, विंदू दारा सिंह और रोहित रॉय भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस फिल्म के जरिए काफी समय बाद राधिका पर्दे पर वापसी करेंगी। विक्रांत और राधिका एक शातिर चोर की तलाश में दिखेंगे, जिसने उनके जीवन में उथल-पुथल मचा दी है। विक्रांत वही किरदार निभाएंगे, जो ऑरिजनल फिल्म में टोविनो थॉमस द्वारा अदा किया गया था। दर्शक अभी से विक्रांत को इस अवतार में देखने के लिए बेसब्र हैं।

निर्देशक विशाल ने फिल्म को लेकर अपना अनुभव साझा किया है। उन्होंने कहा, डीएनए का एक मिलीग्राम किसी व्यक्ति की पहचान बता सकता है। फॉरेंसिक एक कसी हुई थ्रिलर फिल्म है, जो फैक्ट्स के साथ दर्शकों को चौंका देगी। निर्माता दीपक मुकुट ने कहा, विशाल एक कमाल के निर्देशक हैं और प्रोजेक्ट का नेतृत्व करने के लिए उनसे बेहतर इंसान और कोई हो ही नहीं सकता था। विक्रांत और राधिका ऐसे टैलेंट हैं, जिन्हें किसी परिचय की आवश्यकता नहीं।

फॉरेंसिक मलयालम भाषा की साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है, जो २०२० में रिलीज हुई थी। अखिल पॉल के निर्देशन में बनी इस फिल्म में ममता मोहनदास और टोविनो थॉमस ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इस फिल्म को दर्शकों से काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी। इस फिल्म की कहानी एक फॉरेंसिक अधिकारी द्वारा एक हत्या के मामले को सुलझाने के प्रयासों पर आधारित है। पिछले साल ही फिल्म की हिन्दी रीमेक की शूटिंग शुरू हुई थी।

पहले भी जी5 पर विक्रांत की फिल्में आ चुकी हैं। हाल में शाहरुख के प्रोडक्शन में बनी विक्रांत की फिल्म लव हॉस्टल रिलीज हुई थी। इससे पहले उनकी रोमांटिक फिल्म 14 फेरे जी5 पर प्रसारित हुई थी।

# देवी श्री प्रसाद पहले ही पुष्पा 2 के लिए 3 चार्टबस्टर गाने बना चुके हैं

पुष्पा: द राइज की शानदार सफलता के बाद, संगीतकार देवी श्री प्रसाद ने बहुप्रतीक्षित सीक्वल के लिए तीन गीतों की रचना की है। खबर है कि आने वाली फिल्म पुष्पा: द रूल या पुष्पा 2 के लिए डीएसपी पहले ही तीन गाने कंपोज कर चुके हैं। चूंकि फिल्म को दो भागों में बांटने की योजना नहीं थी, इसलिए डीएसपी ने पहले कुछ गाने तैयार किए थे। निर्माताओं ने योजना को बीच में ही छोड़ दिया और फिल्म को दो भागों में बना दिया था, पहले पार्ट के लिए डीएसपी को म्यूजिक रैप करना पड़ा। एक सूत्र ने बताया कि अब जब निर्माता दूसरे भाग की शूटिंग शुरू करने के लिए तैयार हैं, देवी ने अपने पहले से तैयार किए गए गीतों के लिए छोटे बदलावों पर काम किया है और अगली कड़ी के लिए तीन गाने पूरे किए हैं। पुष्पा में चंदन तस्कर के रूप में नजर आ चुके अल्लू अर्जुन पुष्पा: द रूल में और भी इंटेंस रोल में नजर आएंगे। सुकुमार ने मुथमसेट्टी मीडिया के साथ मिलकर मैथरी मूवी मेकर के बैनर तले फिल्म का निर्देशन किया है।

# डीआईडी लिटिल मास्टर्स की प्रतियोगी अध्याश्री के डांस से प्रभावित हुई अभिनेत्री रश्मिका

पुष्पा स्टार रश्मिका मंदाना ने हाल ही में डीआईडी लिटिल मास्टर्स 5 की प्रतियोगी अध्ययनश्री उपाध्याय का वीडियो अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। फिल्म पुष्पा के गाने सामी सामी पर अध्याश्री के डांस मूव्स से रश्मिका इतनी प्रभावित हुई कि वह पांच साल की बच्ची की तारीफ करने से पीछे नहीं हटीं।

उन्होंने कैप्शन में लिखा वह बच्ची काफी प्यारी है! उसे देखो, मेरे भगवान, क्या सितारा है ये! वीकेंड पर रेमो डिसूजा ने शो के कंटेस्टेंट्स के साथ अपना बर्थडे सेलिब्रेट किया। बच्चों ने रेमो के लिए जन्मदिन की कुछ प्रस्तुतियों से उन्हें आश्चर्यचकित भी किया। वास्तव में, पांच वर्षीय अध्याश्री ने पुष्पा के लोकप्रिय गीत पर अपने डांस मूव्स से उन्हें आश्चर्यचकित कर दिया। रेमो ने अपना वीडियो शेयर किया और उस वीडियो को देखने के बाद पुष्पा की एक्ट्रेस पोस्ट पर कमेंट करने से खुद को रोक नहीं पाईं। डांस रियलिटी शो को बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाली, टीवी एक्ट्रेस मौनी रॉय और कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा जज कर रहे हैं। डीआईडी लिटिल मास्टर्स सीजन 5 जी टीवी पर प्रसारित होता है।

# ओएमजी से सनी लियोनी का खतरनाक लुक रिवील!

ऐक्ट्रेस सनी लियोनी की मच अवेटेड फिल्म ओएमजी यानी ओह माई घोस्ट का फर्स्ट लुक आज रिलीज किया गया है। सनी लियोनी पोस्टर में हाथ में कटार पकड़े हुए निडर अंदाज में नजर आ रही हैं। सनी लियोनी ओह माई घोस्ट में एक रानी के किरदार में है, जिससे एक बड़ी मिस्ट्री जुड़ी हुई है। साउथ के स्टार विजय सेतुपति ने फिल्म के फर्स्ट लुक को शेयर किया और पूरी टीम को भी बधाई दी है।




सनी लियोनी ने भी इस फिल्म से अपने फर्स्ट लुक को इंस्टाग्राम पर शेयर किया है और लिखा है, हर रानी की एक हिस्ट्री होती है, लेकिन ये तो मिस्ट्री की रानी है।

ओह माई घोस्ट का डायरेक्शन युवान ने किया है यह एक तमिल हॉरर कॉमिडी है। इस फिल्म में सनी लियोनी के किरदार के बारे में हाल ही में युवान ने एक अहम जानकारी दी थी। उन्होंने बताया था कि सनी लियोनी के कैरेक्टर के बारे में खास बात यह है कि वह फिल्म की हीरो भी है और विलेन भी। कई ऐसे पल आएंगे, जहां वह एकदम सॉफ्ट लगेंगी और फिर ऐसे भी पल हैं, जहां वह अपना अहंकार भरा रूप भी दिखाती हैं। इस रोल में सनी लियोनी को दोनों तरह के इमोशन्स दिखाने थे और उन्होंने कमाल का काम किया है।

युवान ने सनी लियोनी की एक्टिंग के बारे में भी एक खास बात बताई। उन्होंने कहा कि जब तक सीन सही ढंग से न हो जाए, वह रीटेक देने से नहीं घबरातीं। सनी लियोनी ने इस रोल के लिए एक महीने पहले से ही तैयारी करनी शुरू कर दी थी। चूंकि फिल्म तमिल भाषा में बनी है, इसलिए सनी के लिए सेट पर एक तमिल ट्यूटर भी रखा गया था। युवान ने बताया कि अब सनी लियोनी बहुत अच्छी तमिल भाषा बोलती हैं। इसीलिए युवान अब तमिल में भी सनी लियोनी से ही डबिंग करवाना चाहते हैं।

ओह माई घोस्ट में सनी लियोनी के अलावा कमीडियन सतीश, योगी बाबू, संजना और दर्शा गुप्ता और तिलक रमेश भी नजर आएंगे। कहानी १००० साल पुराने वक्त की है। इसे क्लियोपेट्रा के जमाने की कहानी बताया जा रहा है। फिल्म की पूरी शूटिंग मुंबई में हुई है।

# अल्लू अर्जुन ने अपने प्रशंसकों का जताया आभार



सुपरहिट फिल्म पुष्पा के अभिनेता अल्लू अर्जुन ने पिछले दिनों अपना ४०वां जन्मदिन मनाया। उन्होंने अपने प्रशंसकों का आभार व्यक्त करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया और सभी को धन्यवाद देते हुए एक नोट लिखा।

अल्लू अर्जुन ने अपने पोस्ट में लिखा, सभी को नमस्कार! सबसे पहले, मैं आपको शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। यह आपका प्यार और आशीर्वाद है, जिसने मुझे यहां तक पहुंचाया है।

आर्य के अभिनेता ने आगे कहा, मैं बेहद भाग्यशाली हूं कि आज ४० साल की उम्र में जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूं, तो उन सभी खूबसूरत लोगों के कारण धन्य महसूस करता हूं, जिन्होंने मेरे जीवन में खुशियां भर दी हैं और मेरे माता-पिता, परिवार, दोस्तों और मेरे प्रशंसकों ने मुझे ढेर सारा प्यार दिया है।

उन्होंने आगे कहा, मेरे जीवन को छूने वाले हर अनुभव के लिए मैं बहुत आभारी हूं। मैं इस खूबसूरत अनुभव का हिस्सा बनने के लिए सभी को धन्यवाद देता हूं।

अल्लू अर्जुन ने बेलग्रेड में अपने दोस्तों के साथ अपना जन्मदिन मनाने की योजना बनाई थी।

# पछाड़कर तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बनी आरआरआर

एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर ने बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर दिया है। देश ही नहीं, बल्कि दुनियाभर में इस फिल्म को पसंद किया जा रहा है। राम चरण, जूनियर एनटीआर, आलिया भट्ट और अजय देवगन के अभिनय से सजी फिल्म ने कई रिकॉर्ड धवस्त कर दिए हैं।

अब एक अनोखा रिकॉर्ड इस फिल्म के साथ जुड़ गया है। आरआरआर सलमान खान की बजरंगी भाईजान को पछाड़कर तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बन गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, राजामौली की आरआरआर तीसरी सबसे अधिक कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बन चुकी है। इस फिल्म ने अपनी रिलीज के 11 दिनों में दुनियाभर में 934 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। ट्रेड एक्सपर्ट की मानें तो यह फिल्म बहुत जल्द १,००० करोड़ रुपये के क्लब में शामिल हो जाएगी। उम्मीद है कि आरआरआर और भी कमाई के कई रिकॉर्ड अपने नाम करेगी।

आरआरआर ने कमाई के मामले में बजरंगी भाईजान और सीक्रेट सुपरस्टार को पीछे छोड़ दिया है। २०17 में आई सीक्रेट सुपरस्टार ने 83० करोड़ रुपये की कमाई की थी। आमिर खान अभिनीत यह फिल्म पांचवीं सबसे अधिक कमाई करने वाली भारतीय फिल्म है। वहीं, २०15 में रिलीज हुई बजरंगी भाईजान इस सूची में चौथे स्थान पर खिसक गई है। इस फिल्म ने 858 करोड़ रुपये का शानदार कलेक्शन किया था।

आरआरआर फिलहाल आमिर खान की सुपहिट फिल्म दंगल और प्रभास की बाहुबली 2: द कन्क्लूजन को मात नहीं दे पाई है। २०16 में रिलीज हुई दंगल सबसे अधिक कमाई करने वाली भारतीय फिल्म है। इस फिल्म ने दुनियाभर में 1,924 करोड़ रुपये का बिजनेस किया था। साउथ स्टार प्रभास की बाहुबली 2: द कन्क्लूजन दूसरी सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्म है। फिल्म ने दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 1,749 करोड़ रुपये बटोरे थे।

फिल्म में 192० के दशक की कहानी को फिल्माया गया है। इसमें राम और एनटीआर भाई की भूमिका में नजर आए हैं। फिल्म दो महान स्वतंत्रता सेनानियों अल्लूरी सीताराम राजू और कोमाराम भीम की कहानी पर आधारित है। इन्होंने अंग्रेजों और हैदराबाद के निजाम से भी आजादी की लड़ाई लड़ी थी। 45० करोड़ रुपये से अधिक के बजट में इस फिल्म को बनाया गया है। फिल्म 25 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

नेटफ्लिक्स और जी5 ने फिल्म के स्ट्रीमिंग राइट्स हासिल किए हैं। थिएट्रिकल रिलीज के बाद फिल्म तेलुगु, तमिल, मलयालम और कन्नड़ में जी5 पर रिलीज होगी। नेटफ्लिक्स पर फिल्म हिन्दी, पुर्तगाली, कोरियाई, तुर्की और स्पेनिश भाषाओं में प्रसारित होगी।

# दाता केवल राम

*अजगर करे न चाकरी, पंछी करे न काम, दास मलूका कह गए सबसे दाता राम*

मलूकदासजी कर्मयोगी संत थे। स्वाध्याय, सत्संग व भ्रमण से उन्होंने जो व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया उसकी प्रतियोगिता किताबी ज्ञान से नहीं हो सकती है। औरंगजेब जैसा अज्ञानी /पशुवत मनुष्य भी उनके सत्संग का सम्मान करता था। आज उनके बारे में ही बात करते हैं। शुरू में संत मलूकदासजी नास्तिक थे। उनके गांव में एक साधु आए और आकर टिक गए। साधुजी लोगों को रामायण सुनाते थे। प्रतिदिन सुबह–शाम गांववाले उनका दर्शन करते और उनसे राम कथा का आनंद लेते थे।

संयोग से एक दिन मलूकदास भी रामकथा में पहुंचे। उस समय साधु महाराज ग्रामीणों को श्रीराम की महिमा बताते कह रहे थे– श्रीराम संसार के सबसे बड़े दाता है। वह भूखों को अन्न, नंगों को वस्त्र और आश्रयहीनों को आश्रय देते हैं।

मलूकदास ने भी साधु की यह बात सुनी पर उनके पल्ले नहीं पड़ी। उन्होंने अपना विरोध जताते तर्क किया– क्षमा करे महात्मन्! यदि मैं चुपचाप बैठकर राम का नाम लूं, कोई काम न करूं, तब भी क्या राम भोजन देंगे?

साधु ने पूरे विश्वास के साथ कहा– अवश्य देंगे। उनकी दृढता से मलूकदास के मन में एक और प्रश्न उभरा तो पूछ बैठे– यदि मैं घनघोर जंगल में अकेला बैठ जाऊं, तब? साधु ने दृढ़ता के साथ कहा– तब भी श्रीराम भोजन देंगे!

बात मलूकदास को लग गई। अब तो श्रीराम की दानशीलता की परीक्षा ही लेनी है। पहुंच गए जंगल में और एक घने पेड़ के ऊपर चढ़कर बैठ गए। चारों तरफ ऊंचे–ऊंचे पेड़ थे। कंटीली झाड़ियां थीं।

दूर–दूर तक फैले जंगल में धीरे–धीरे खिसकता हुआ सूर्य पश्चिम की पहाड़ियों के पीछे छुप गया। चारों तरफ अंधेरा फैल गया, मगर न मलूकदास को भोजन मिला, न वह पेड़ से ही उतरे। सारी रात बैठे रहे।

अगले दिन दूसरे पहर घोर सन्नाटे में मलूकदास को घोड़ों की टापों की आवाज सुनाई पड़ी। वह सतर्क होकर बैठ गए। थोड़ी देर में कुछ राजकीय अधिकारी उधर आते हुए दिखे। वे सब उसी पेड़ के नीचे घोड़ों से उतर पड़े।

उन्होंने भोजन का मन बनाया। उसी समय जब एक अधिकारी थैले से भोजन का डिब्बा निकाल रहा था, शेर की जबर्दस्त दहाड़ सुनाई पड़ी। दहाड़ का सुनना था कि घोड़े बिदककर भाग गए।

अधिकारियों ने पहले तो स्तब्ध होकर एक–दूसरे को देखा, फिर भोजन छोड़कर वे भी भाग गए। मलूकदास पेड़ से ये सब देख रहे थे। वह शेर की प्रतीक्षा करने लगे। मगर दहाड़ता हुआ शेर दूसरी तरफ चला गया।

मलूकदास को लगा, श्रीराम ने उसकी सुन ली है अन्यथा इस घनघोर जंगल में भोजन कैसे पहुंचता? मगर मलूकदास तो मलूकदास ठहरे। उतरकर भला स्वयं भोजन क्यों करने लगे! वह तो भगवान श्रीराम को परख रहे थे।

तीसरे पहर में डाकुओं का एक बड़ा दल उधर से गुजरा। पेड़ के नीचे चमकदार चांदी के बर्तनों में विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के रूप में पड़े भोजन को देखकर डाकू ठिठक गए।

डाकुओं के सरदार ने कहा– भगवान श्रीराम की लीला देखो। हम लोग भूखे हैं और भोजन की प्रार्थना कर रहे थे। इस निर्जन वन में सुंदर डिब्बों में भोजन भेज दिया। इसे खा लिया जाए तो आगे बढ़ें।

मलूकदास को हैरानी हुई कि डाकू भी श्रीराम पर इतनी आस्था रखते हैं कि वह भोजन भेजेंगे। वह यह सब सोच ही रहे थे कि उन्हें डाकुओं की बात में कुछ शंका सुनाई पड़ी।

डाकू स्वभावतः शकी होते हैं। एक साथी ने सावधान किया– सरदार, इस सुनसान जंगल में इतने सजे–धजे तरीके से सुंदर बर्तनों में भोजन का मिलना मुझे तो रहस्यमय लग रहा है। कहीं इसमें विष न हो।

यह सुनकर सरदार बोला– तब तो भोजन लाने वाला आसपास ही कहीं छिपा होगा। पहले उसे तलाशा जाए। सरदार के आदेश पर डाकू इधर–उधर तलाशने लगे। तभी एक डाकू की नजर मलूकदास पर पड़ी।

उसने सरदार को बताया। सरदार ने सिर उठाकर मलूकदास को देखा तो उसकी आंखें अंगारों की तरह लाल हो गईं। उसने घुड़ककर कहा– दुष्ट! भोजन में विष मिलाकर तू ऊपर बैठा है! चल उतर।

सरदार की कड़कती आवाज सुनकर मलूकदास डर गए मगर उतरे नहीं। वहीं से बोले– व्यर्थ दोष क्यों मंढ़ते हो? भोजन में विष नहीं है। सरदार ने आदेश दिया– पहले पेड़ पर चढ़कर इसे भोजन कराओ। झूठ–सच का पता अभी चल जाता है।

आनन–फानन में तीन–चार डाकू भोजन का डिब्बा उठाए पेड़ पर चढ़ गए और छुरा दिखाकर मलूकदास को खाने के लिए विवश कर दिया। मलूकदास ने स्वादिष्ट भोजन कर लिया। फिर नीचे उतरकर डाकुओं को पूरा किस्सा सुनाया।

डाकुओं ने उन्हें छोड़ दिया। वह स्वयं भोजन से भाग रहे थे लेकिन प्रभु की माया ऐसी रही कि उन्हें बलात भोजन करा दिया। इस घटना के बाद मलूकदास ईश्वर पक्के भक्त हो गए।

गांव लौटकर मलूकदास जी ने सर्वप्रथम एक दोहा लिखाः

*अजगर करे न चाकरी, पंछी करे न काम। दास मलूका कह गए, सबके दाता राम।*

यह दोहा आज खूब सुनाया जाता है। आपके कर्म शुद्ध हैं। आपने कभी किसी का अहित करने की मंशा नहीं रखी तो ईश्वर आपके साथ सबसे ज्यादा प्रेमपूर्ण भाव रखते हैं, चाहे आप उन्हें सुमिरन करे या न करे, भजें या न भजें।

आपके कर्म अच्छे हैं तो आप यदि मलूकदासजी की तरह प्रभु की परीक्षा लेने लगे तो भी वह इसका बुरा नहीं मानते। आपके सत्कर्मों का सम्मान करते स्वयं परीक्षा देने आ जाते हैं। छोटे–बड़े की भावना ईश्वर में नहीं होती क्योंकि सभी प्राणियों में परमात्मा अपने अंश रूप आत्मा (जीवात्मा) है।

– नवनीत छिब्बर की वॉल से साभार

## महेश बाबू नहीं करेंगे बॉलीवुड में काम

एक समय था जब हिंदी सिनेमा का बोलबाला था. सभी इंडस्ट्री से लोग बॉलीवुड में आना चाहते थे. लेकिन अब ऐसा समय आ गया है कि साउथ इंडस्ट्री बॉलीवुड पर हावी हो रही है.

बॉलीवुड से कई स्टार्स ने साउथ का रूख लिया है. वहीं साउथ के कई सितारे ने बॉलीवुड का रूख लिया है. वहीं हालही में साउथ के सुपरस्टार महेश बाबू ने कुछ ऐसा किया कहा जिसे सुनकर लोग हैरानी में पड़ गए हैं. उनका कहना है कि वो बॉलीवुड में काम नहीं करना चाहते हैं. एक्टर की फैन फॉलोइंग काफी लंबी है, उनकी फिल्मों को दर्शक खूब पसंद करते हैं.

आपको बता दें, जब एक्टर हैदराबाद में एक कार्यक्रम में पहुंचे थे तो उनसे सवाल किया गया कि वो हिंदी सिनेमा में काम करेंगे जिसपर एक्टर ने कहा, हिंदी फिल्में करने की कोई ज़रूरत नहीं है. क्योंकि, तेलुगु फिल्में देशभर में देखी जा रही हैं, मुझे हिंदी फिल्मों में विशेष रूप से अभिनय करने की कोई जरूरत नहीं है. एक्टर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं. जल्द ही एक्टर निर्देशक एस.एस राजामौली की फिल्म में नजर आने वाले हैं. वो अपने इस प्रोजेक्ट के लिए काफी खुश हैं. उन्होंने अपने इस अपकमिंग प्रोजेक्ट को लेकर ज्यादा कुछ रिवील नहीं किया है. वैसे एक्टर हिंदी फिल्मों में अब तक नजर नहीं आए हैं. हालांकि उनकी कई फिल्में हिंदी में डब हो चुकी हैं. वहीं एक्टर की फिल्म अभिनीत सरकारू वारी पाटा 12 मई को रिलीज की गई. जिसका इंतजार दर्शकों को था.

## सू- दोकू क्र.95

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.94का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

## दबंग गर्ल सोनाक्षी सिन्हा का मालदीव में दिखा स्टनिंग लुक

गर्मी का पारा जैसे-जैसे बढ़ रहा है वैसे-वैसे ही सेलेब्स मालदीव में वेकेशन मनाने पहुंच रहे है. एक के बाद एक एक्ट्रेसेस मालदीव पहुंच रही हैं और वहां से समुंदर के किनारे खूबसूरत तस्वीरें और वीडियो शेयर कर रही हैं. इस कड़ी में अब बॉलीवुड की दबंग गर्ल सोनाक्षी सिन्हा का नाम भी जुड़ गया है. सोनाक्षी मालदीव में हैं और वहां से सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा रही हैं. मालदीव से सोनाक्षी अपनी बोल्ड एंड ब्यूटीफुल तस्वीरें शेयर कर रही हैं जो फैंस को पसंद आ रही हैं.

सोनाक्षी सिन्हा तस्वीरों में हरे रंग का प्लाज़ो और लॉन्ग जैकेट के साथ ब्रालेट फिरोज़ी क्रॉप टॉप पहने दिखाई दे रही हैं. इसके साथ सोनाक्षी ने लाइट मेकअप के साथ अपनी जुल्फों को खोल रखा है. फैंस को सोनाक्षी का समर बीच लुक काफी पसंद आ रहा है. सोनाक्षी के स्टनिंग लुक की फैंस तारीफ करते नहीं थक रहे हैं. मालदीव सोनाक्षी के फेवरेट हॉलीडे डेस्टिनेशन में से एक है. सोनाक्षी सिन्हा के काम की बात करें तो वह आखिरी बार अजय देवगन के साथ फिल्म भुज में नजर आई थीं. वहीं आने वाले समय में सोनाक्षी, हुमा कुरैशी के साथ फिल्म डबल एक्सएल और रितेश देशमुख, साकिब सलीम के साथ काकुड़ा में नजर आएंगी.

## दृष्टिहीनता की गहरी समस्या

भारतीय विदेश के पीछे आज दृष्टि क्या है? संसद में यूक्रेन संकट पर चर्चा हुई। उसमें विभिन्न दलों ने जो राय जताई, तो इस सवाल का जवाब ढूंढना और जटिल हो जाता है। उस चर्चा का संकेत यह है कि नरेंद्र मोदी सरकार की नीति चाहे जिस दृष्टि से प्रेरित हो, विपक्षी दलों के पास उससे अलग कोई सोच नहीं है।

यूक्रेन के बुचा में जन संहार के आरोप पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में भारत ने अपना तटस्थ रुख बनाए रखा। भारतीय प्रतिनिधि ने बिना किसी देश का नाम लिए इस घटना की निंदा की। साथ ही उन्होंने इस कांड की स्वतंत्र जांच कराने की मांग की। यह रुख यूक्रेन संकट पर आरंभ से लिए अपनाए गए नजरिए के अनुरूप ही है। बुचा का मामला विवादित है। इस बारे में यूक्रेन और रूस ने परस्पर विरोधी दावे किए हैं। इसलिए इसे एक समझदारी भरा रुख कहा जा सकता है कि पहले सही तथ्य सामने लाने की बात की जाए। इसलिए इस घटना विशेष पर भारत का रुख कोई अहम मुद्दा नहीं है। असल मुद्दा यह है कि भारतीय विदेश के पीछे आज दृष्टि क्या है? मंगलवार को संसद में यूक्रेन संकट पर चर्चा हुई। उसमें विभिन्न दलों ने जो राय जताई, तो इस सवाल का जवाब ढूंढना और जटिल हो जाता है। उस चर्चा का संकेत यह है कि नरेंद्र मोदी सरकार की नीति चाहे जिस दृष्टि से प्रेरित हो, विपक्षी दलों के पास उससे अलग कोई सोच नहीं है। मोदी सरकार की नीति की पहचान इस रूप में की जा सकती है कि यह ट्रांजैक्शनल यानी लेन-देन पर आधारित है।

यानी जहां से भारत को फायदा होता दिखे, भारत को उसके अनुरूप चलना चाहिए, भले यह लाभ कितना ही तात्कालिक हो। मगर किसी प्रमुख विपक्षी दल के पास इससे अलग कोई नजरिया है, आज यह कहना बेहद कठिन हो गया है। कांग्रेस की धारा से जुड़े रहे दल ऐसे मौकों पर जवाहर लाल नेहरू की गुटनिरपेक्षता की नीति को चर्चा में ले आते हैँ। उनका जोर उस नीति की प्रासंगिकता साबित करने पर होता है। लेकिन वे यह बताने में पूरी तरह विफल रहते हैं कि आज की परिस्थितियों और अंतरराष्ट्रीय समीकरणों के बीच उस नीति का व्यावहारिक रूप क्या होगा? अंतिम सूरत यह उभरती है कि कांग्रेस हो- या अन्य विपक्षी दल- वे सभी विदेश नीति के मामले में रस्म अदायगी करते दिखते हैँ। उनका ज्यादा ध्यान सरकार की किसी नीतिगत नाकामी से देश को हुए किसी कथित नुकसान की तरफ इशारा करते हुए सरकार को कठघरे में खड़ा करने पर केंद्रित रहता है। लेकिन भारत की आज क्या विदेश नीति होनी चाहिए, संभवतः इस सवाल का जवाब उसके पास भी नहीं है।( आरएनएस)

# सीएम धामी ने किया उत्तराखंड के महानायक पुस्तक का विमोचन




कार्यालय संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास में उत्तराखंड के महानायक पुस्तक का विमोचन किया। यह पुस्तक योगेश कुमार एवं अजित द्वारा लिखी गई है। इस पुस्तक में उत्तराखण्ड के दस महान विभूतियों पंडित बद्री दत्त पाण्डे, गौरा देवी, पंडित गोविन्द बल्लभ पंत, गौरा पंत ष्शिवानीष्, कबूतरी देवी, माधो सिंह भण्डारी, शैलेश मटियानी, श्रीदेव सुमन, तीलू रौतेली एवं वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली के बारे में जानकारी दी गई है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जब देश में आज़ादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। ऐसे में उत्तराखण्ड की महान विभूतियों के कार्यों एवं उनके योगदान के बारे में लोगों को जानकारी मिले, इस पुस्तक के माध्यम से सराहनीय प्रयास किया गया है। उत्तराखण्ड की धरती ने कई स्वतंत्रता सेनानियों, देशभक्तों, लेखकों और राजनेताओं को जन्म दिया है। इस पुस्तक में दी गई जानकारी हमारे नायकों के बलिदान और देश के प्रति समर्पण भाव के बारे में लोगों को कार्य करने के लिए प्रेरित करेंगी।

## बिना साइन बोर्ड के संचालित मेडिकल स्टोर पर छापेमारी



हमारे संवाददाता

हरिद्वार। लक्सर क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर में बिना बोर्ड लगाए हुए संचालित किये जा रहे मेडिकल स्टोरो पर छापेमारी से मेडिकल स्टोर संचालकों में हड़कंप मच गया।

ड्रग इंस्पेक्टर अनीता भारती द्वारा लक्सर क्षेत्र में बिना बोर्ड के संचालित किये जा रहे मेडिकल स्टोरो की सूचना मिलने पर वहां छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान सुल्तानपुर में एक मेडिकल स्टोर बिना साइन बोर्ड से संचालित मिला। जिसमें कई तरह की खामियां पाई गई। मेडिकल स्टोर में छापेमारी की खबर मिलते ही मौके पर ग्रामीणो की भीड़ एकत्र हो गई। इस दौरान ग्रामीणों ने ड्रग इंस्पेक्टर अनीता भारती से कहा कि अगर आप ग्रामीण क्षेत्र के मेडिकल स्टोर बंद करा देगी तो हम लोग अपना इलाज सस्ते में कहां से करेंगे। इस पर ड्रग इंस्पेक्टर अनीता भारती में मेडिकल स्टोर स्वामी को चेतावनी देकर छोड़ दिया। कुछ मेडिकल स्टोर ऐसे भी मिले जिनके पास कोई लाइसेंस या डॉक्टर की डिग्री नहीं थी। उन मेडिकल स्टोरों को बंद करा दिया गया है। ड्रग इंस्पेक्टर अनीता भारती ने बताया कि कुछ मेडिकल स्टोर्स बिना साइन बोर्ड के संचालित किए हुए थे और कुछ मेडिकल स्टोर ऐसे थे जिनके पास कोई दस्तावेज नहीं थे उन मेडिकल स्टोर्स अग्रिम कार्रवाई तक बंद रखने के आदेश दिए गए हैं।

# एसटीएफने 5 हजार के ईनामी को हरियाणा से किया गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। एसटीएफ ने हरिद्वार से फरार चल रहे पांच हजार के ईनामी बदमाश को हरियाणा से गिरफ्तार कर लिया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार 29 अप्रैल 2021 को कोतवाली हरिद्वार में फॉर्च्यूनर कार देवपुरा से चोरी करने का मुकदमा दर्ज हुआ था जिसमें पुलिस द्वारा फॉर्च्यूनर गाड़ी की बरामदगी जलाल, अजरूदीन, अब्दुल मजीद, नीरज को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया तथा इस गैंग का सदस्य अंकित पुत्र सुरेश निवासी माजरा पियाऊ थाना नारनोंद जिला हिसार हरियाणा लगातार पुलिस गिरफ्तारी से बच रहा था और फरार चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस उपमहानिरीक्षक गढ़वाल परीक्षेत्र द्वारा 5000 का पुरूस्कार घोषित किया गया था।

उक्त बदमाश की गिरफ्तारी के संबंध में एसटीएफ टीम द्वारा एसटीएफ टीम हिसार हरियाणा से संपर्क किया तो ज्ञात हुआ कि गुड़गांव और दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में आज भी ऑटोमेटिक गाड़ियां जैसे फॉर्च्यूनर रेंज रोवर आदि को चोरी करने का गैंग सक्रिय है और जिनकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

एसटीएफ के इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार राणा की टीम को सूचना मिली कि फरार उक्त शातिर अपराधी अंकित पुत्र सुरेश थाना इसराना जिला पानीपत हरियाणा क्षेत्र में छिपकर रह रहा है। प्रभारी स्पेशल टास्क फोर्स, उत्तराखण्ड द्वारा उक्त ईनामी बदमाश की गिरफ्तारी हेतु एसटीएफ की टीम को हरियाणा भेजा गया, जिस पर गत दिवस एसटीएफ टीम एंव स्थानीय पुलिस द्वारा छापेमारी की कार्यवाही करते हुए उक्त फरार 5 हजार के ईनामी अंकित पुत्र सुरेश को ग्राम शाहपुर थाना इसराना जिला पानीपत से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि उसका गैंग केवल फॉर्च्यूनर गाड़ी की चोरी करता है, उनके गैंग लीडर द्वारा फॉर्च्यूनर गाड़ी के लॉक को तोड़ने के लिए एक सॉफ्टवेयर जिसकी कीमत ढाई लाख रुपए है को ऑनलाइन चीन से मंगाया था, जिसकी सहायता से वह फॉर्च्यूनर गाड़ी का लॉक तोड़ देते थे और राजस्थान में मेवात क्षेत्र जो कि वर्तमान समय में ऑनलाइन अपराध करने वाले अपराधियों और चोरी की वाहनों को खरीदने वाले अपराधियों का गढ़ बनता जा रहा है वहां जाकर बेच देते थे।

# चोरों ने दो मकानों के ताले तोडकर जेवरात व नगदी चुरायी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने दो मकान का ताला तोडकर वहां से लाखों के जेवरात व नगदी चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार क्लेमनटाउन सैनिक कालोनी निवासी किरन कुमार ने क्लेमनटाउन थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि आज उसके सरकारी फैमली क्वाटर से दिन के समय दस बजे से 12 बजे के बीच किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा ताला तोडकर निम्न सामान चोरी कर लिया । आठ हजार रूपये नगद, सोने का मंगलसूत्र एक, चांदी की पायल एक जोडी, ब्लूटूथ हेडफोन ट्मसउम (काला-पीला ), सोने की अंगूठी एक, बिछुआ 2 जोडे (चाँदी के) शर्ट 2 (पीली व पिंक) तथा उनकी ही कालोनी मे रहने वाले के घर से भी निम्न सामान चोरी हुआ । तीन हजार रूपये नगद, कान के झुमके सोने के एक जोडी, 02 अंगूठी छोटी सोने की (बच्चो की ) , एक लाकेट सोने का मछली आकार का चोरी कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# श्रद्धा पूर्वक मनाया खालसा साजना दिवस एवं बैसाख महीने की संग्राद

संवाददाता

देहरादून। गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा के तत्वावधान में खलासा साजना दिवस एवं बैसाख महीने की संग्राद कथा कीर्तन के रूप में श्रद्धा एवं उत्साह पूर्वक मनाया गया।




आज यहां गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा के तत्वावधान में खलासा साजना दिवस एवं बैसाख महीने की संग्राद कथा कीर्तन के रूप में श्रद्धा एवं उत्साह पूर्वक मनाया गया। प्रात: नितनेम के पश्चात भाई सतवंत सिंह ने आसा दी वार का शब्द 'अमृत पीवोह सदा चिर जीवोह हर सिमरत अन्द अनंता' का गायन किया। श्री अखण्ड पाठ साहिब के भोग के पश्चात भाई गुरदियाल सिंह ने शब्द 'खालसा अकाल पुरख की फौज' का गायन किया। हैड ग्रंथी ज्ञानी शमशेर सिंह ने खालसा साजना दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु गोविन्द सिंह जी ने 1699 की बैसाखी पर तख्त श्री केशगढ़ साहिब में जात -पात के भेदभाव से ऊपर उठ कर पांच प्यारों को चुना एवं उनको अमृतपान करा कर सिंह सजा कर खालसा पंथ की साजना की, गुरु जी ने स्वयं अमृतपान कर के गोविन्द राय से गोविन्द सिंह बने, गुरु जी ने धर्म की रक्षा के लिये अपना पूरा परिवार न्योछावर कर दिया। बच्ची इश्मीत कौर एवं परमसु:ख कौर ने शब्द ' बन्दना हर बन्दना गुण गावोह गोपाल राय' का गायन कर संगत को निहाल किया। दरबार श्री अमृतसर से पधारे भाई गुरविंदर सिंह ने शब्द 'प्रगटयो खालसा परमात्म की मौज खालसा अकाल पुरख की फौज' का गायन कर संगत को निहाल किया। मंच का संचालन करते हुए सेवा सिंह मठारु ने खालसा साजना दिवस एवं बैसाख महीने की संग्राद की संगत को वधाई दी।

इस अवसर पर प्रधान गुरबक्श सिंह, जनरल सेक्रेटरी गुलजार सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगमिंदर सिंह छाबड़ा, उपाध्यक्ष चरणजीत सिंह, सचिव अमरजीत सिंह छाबड़ा, कोषाध्यक्ष मंजीत सिंह, सतनाम सिंह, देविंदर सिंह भसीन, राजिंदर सिंह राजा,आदि उपस्थित थे स कार्यक्रम के पश्चात संगत ने गुरु का लंगर छका।



## एक नजर

# रसायन फैक्टरी में लगी भीषण आग से छह की मौत, 12 घायल

एलुरु। आंध्र प्रदेश के एलुरु जिले के अक्की रेड्डीगुडेम में स्थित एक रसायन फैक्टरी में बुधवार देर रात आग लग गई जिसमे छह लोगों की मौत हो गई, जबकि १२ अन्य घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। एलुरु के पुलिस अधीक्षक देव शर्मा के मुताबिक, आग से झुलसे लोगों को विजयवाड़ा के एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि संदेह है कि, बुधवार देर रात पॉलीमर पावर बनाने वाले संयंत्र के रिएक्टर में आग लगने के कारण यह हादसा हुआ।



अस्पताल के एक चिकित्सक ने बताया कि घायलों में से चार की हालत गंभीर है। इस बीच, मुख्यमंत्री वाईएस जगनमोहन रेड्डी ने घटना पर दुख जताया और मृतकों के परिजनों को २५–२५ लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, गंभीर रूप से झुलसे लोगों को पांच–पांच लाख रुपये और मामूली रूप से घायल लोगों को दो–दो लाख रुपये दिए जाएंगे। जानकारी के मुताबिक आग लगने के समय फार्मास्युटिकल प्लांट की यूनिट में अठारह व्यक्ति काम कर रहे थे। मरने वाले छह में से चार बिहार के प्रवासी श्रमिक थे। हालांकि आग लगने के दो घंटे बाद उस पर काबू पा लिया गया।

## बैसाखी स्नान के लिए श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। बैसाखी स्नान के लिए आज धर्मनगरी हरिद्वार में श्रद्धालुओं की खासी भीड़ नजर आयी। बाजारो में यात्रियों की भींड देखकर हरिद्वार के व्यापारियों के चेहरों पर एक बार फिर रौनक नजर आई। यात्री बाजारो में जहां खरीदारी करते नजर आये वही उन्होने मंदिरो में पहुंच कर दर्शन भी किये।



आज बैसाखी के साथ ही मेष संक्रांति का स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। आज शाम छह बजे तक हरिद्वार पुलिस को यात्रियों की भीड़ संभालने के लिए चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। बता दें कि कोरोनाकाल में दो साल बाद पहली बार बिना किसी रोक टोक के बैसाखी व मेष संक्रांति स्नान हो रहा है। धर्मनगरी में स्नान पर्व को लेकर एक सप्ताह पहले ही ऑनलाइन होटल बुक हो गए थे। स्नान पर्व से एक दिन पहले बुधवार को ही शहर के सभी होटलों में यात्रियों का आना शुरू हो गया था। वहीं धर्मशालाओं के अलावा गुरुओं के आश्रमों में आकर भी यात्रियों ने डेरा डाल दिया था। आज सुबह चार बजे से बैसाखी व मेष संक्रांति का स्नान शुरू हुआ। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर शहर के सभी प्रमुख चौराहों व संपर्क मार्गों पर सिविल पुलिस के साथ ही यातायात पुलिस व सीपीयू के जवान तैनात कर दिए गए थे।

## पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इमरान सरकार के खिलाफ जांच के दिये आदेश

नई दिल्ली । पाकिस्तान के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने श्री इमरान खान के नेतृत्व वाली पिछली सरकार के खिलाफ गुरुवार को जांच के आदेश दिये। शरीफ ने पिछले चार साल से लंबित मेट्रो बस परियोजना को शुरू किए जाने में देरी करने के लिए पिछली सरकार को फटकार



लगाई। जियो न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने इसे घोर लापरवाही करार देते हुए इस पर अमल किए जाने में देरी करने पर निराशा व्यक्त की। इस मेगा परियोजना पर पहले से ही १६ अरब रुपये खर्च किये जा चुके हैं इसके साथ ही उन्होंने राजधानी विकास प्राधिकरण (सीडीए) को १६ अप्रैल से इस्लामाबाद मेट्रो बस सेवा शुरू करने का निर्देश दिया। परियोजना का काम कितना आगे बढ़ है यह देखने के लिए उन्होंने पेशावर मेट्रो स्टेशन का दौरा भी किया। पाकिस्तान के संयुक्त विपक्षी उम्मीदवार के रुप में श्री शरीफ को नेशनल असेंबली में १७४ वोट मिले और इस तरह से वह देश के २३वें प्रधानमंत्री के पद पर आसीन हुए।

# दस सीमांत गांवों को गोद ले आईआईपी: सीएम



विशेष संवाददाता

देहरादून। सीएसआईआर-आईआईपी देहरादून में डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पर अपना 63 वें स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती और महावीर जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय पेट्रोलियम संस्थान ऊर्जा के क्षेत्र में अपने परंपरागत कार्य के अलावा देश सेवा के कार्य भी कर रहा है, कोरोना महामारी के दौरान संस्थान ने देश भर में 100 से ज्यादा ऑक्सीजन प्लांट लगाए हैं जिनमें से आठ उत्तराखंड में ही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के शुभ दिन पर संस्थान को उत्तराखंड के 10 सीमांत गांवों को गोद ले लेना चाहिए। जिससे वहां के गांव का विकास भी होगा व संस्थान को भी अपने शोध कार्य के लिए स्थान उपलब्ध हो जाएगा।

संस्थान के निदेशक डॉ अंजन रे और उपस्थित अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान लगातार देश में ऊर्जा के विकल्प व ऊर्जा की बचत को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहा है। संस्थान कम तापमान वाली बायोडीजल यूनिट , उन्नत गुड भट्टी ,उन्नत क्षमता वाला डोमेस्टिक पीएनजी बर्नर, बायोमास चूल्हा आदि के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहा है। संस्थान का उद्देश्य है कि देश में ऊर्जा की जरूरतों को देखते हुए कम ईंधन में ही अधिक संसाधन उपलब्ध कराए जाएं जिससे तेल व अन्य ईंधन पर निर्भरता को कम किया जा सके।

## सैक्स रैकेट का खुलासा: चार युवतियों सहित आठ गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

नैनीताल। हल्द्वानी में चल रहे सैक्स रैकेट का खुलासा करते हुए पुलिस ने चार युवतियों सहित आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने कुछ फोन, नगदी व अश्लील सामग्री भी बरामद की गयी है।

जानकारी के अनुसार एसओजी हल्द्वानी व महिला ट्रैफिकिंग सेल को सूचना मिली कि क्षेत्र के एक मकान में कुछ लोगों द्वारा सैक्स रैकेट चलाया जा रहा है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए संयुक्त टीम द्वारा बताये गये मकान पर छापेमारी करते हुए चार व्यक्तियों सहित चार युवतियों को गिरफ्तार कर लिया गया। सीओ विभा दीक्षित के अनुसार पिछले कुछ समय पूर्व एसओजी व महिला ट्रैफिकिंग सेल को सूचना मिली थी कि हल्द्वानी के लालडाट क्षेत्र में एक घर के अंदर सेक्स रैकेट काफी दिनों से चल रहा है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए संयुक्त टीम ने बताये गये मकान पर छापेमारी की। जहां से आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि पकड़ी गई लड़कियां पश्चिम बंगाल की रहने वाली है। वहीं दो लड़के पश्चिम बंगाल और दो लड़के स्थानीय हैं, जिनको एसओजी और महिला ट्रैफिकिंग सेल ने पकड़ लिया है, जिन्हें पुलिस द्वारा न्यायालय में पेश कर दिया गया है।

## डा. भीमराव अम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की

देहरादून (सं)। भारत रतन बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर आज उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री मनीष कुमार नागपाल ने कहा कि बाबा साहब भारतीय संविधान के शिल्पकार थे, दलितों के मसीहा थे और समानता और न्याय के पक्षधर थे। कहा कि उनके द्वारा दिखाए गए सच्चाई ईमानदारी के मार्ग आज भी सार्थक हैं वह एक महान समाज सुधारक थे ऐसे महान व्यक्ति की जयंती पर हम उनको अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

## महिला के गले से लूटी चेन

देहरादून (संवाददाता)। सब्जी लेकर आ रही महिला के गले से चेन लूट ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार त्रिलोकीनाथ सिंह यादव पुत्र रामदेव सिंह यादव आवास विकास कालोनी ऋषिकेश ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी पत्नी श्रीमती सेवाती देवी बाजार से सब्जी लेकर आपने घर आवास विकास पैदल पैदल आ रही थी समय लगभग पौने एक बजे का रहा होगा कि एक व्यक्ति जिसने काले रंग की टी शर्ट व नीले रंग की जींस पहन रखी थी ने आवास विकास कालोनी में आईटीबीपी वाली रोड पर पत्नी के गले से चेन छिनकर भागा जिसकी सूचना शोर मचाकर आस पास वालो को दी। लेकिन तब तक वह फरार हो गया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## 15 दिवसीय विरासत आर्ट एंड हेरिटेज फेस्टिवल कल से

संवाददाता

देहरादून। रिच संस्था के आरके सिंह ने बताया कि उत्तराखण्ड के सांस्कृतिक कार्यक्रम विरासत आर्ट एंड हेरिटेज फेस्टिवल का आयोजन कल (15 अप्रैल) से शुरू हो जायेगा।




आज यहां राजपुर रोड स्थित एक होटल में पत्रकारों को जानकारी देते हुए सिह ने बताया कि उत्तराखण्ड के जाने माने सांस्कृतिक संस्था रिच द्वारा विरासत आर्ट एंड हेरिटेज फेस्टिवल का आयोजन होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह आयोजन 15 अप्रैल से लेकर 29 अप्रैल तक डा0 बीआर अम्बेडकर स्टेडियम कौलागढ में होगा। उन्होंने बताया कि कोरोना महामारी के कारण इसका आयोजन दो साल बाद हो रहा है। विरासत 2022 में इस बार देहरादून वासियों को रंग-बिरंगे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ बहुत कुछ देखने को मिलेगा। कार्यक्रमों में मुख्य रूप से क्राफ्ट विलेज, फूड फेस्टिवल, क्लासिकल म्यूजिक एंड डांस, फोक म्यूजिक एंड डांस, कर्न्सट के साथ-साथ क्राफ्ट वर्क शॉप विटेज एंड क्लासिक कार एंड बाइक रैली एवं क्विज आदि प्रोग्राम होगा। उन्होंने बताया कि 15 से 29 अप्रैल तक विरासत अपनी रजत जयंती संस्करण के तहत पदम भूषण परवीन सुल्ताना, गजल गायक तलत अजीज व डाली ब्रदर्स, लांगा मांगनियार, कत्थक और बांसुरी वादन के साथ-साथ फोटोग्राफरी प्रतियोगिता आर्ट एंड क्राफ्ट वर्क शॉप जैसे कार्यक्रमों का संगम लेकर आया है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विरासत महोत्सव ओएनजीसी के प्रबंध निदेशक डा0 अलका मित्तल को विरासत सम्मान भी प्रदान करेगा जो उनकी और ओएनजीसी द्वारा वर्षो से इस उत्सव को जबरदस्त समर्थन देने के लिए है।

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।
*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**
*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**
*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**
कानूनी सलाहकारः
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट
कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808
*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*